**ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE**
**24, AKBAR ROAD, NEW DELHI**
**COMMUNICATION DEPARTMENT**

**Highlights of Speech** **05 Feb, 2020**

**Shri Rahul Gandhi addressed public meeting in Kondli, Delhi.**

**श्री राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा** केसी वेणुगोपाल जी, सुभाष चोपड़ा जी, रघु शर्मा जी, निरंजन पटनायक जी, असलम शेख जी, दिनेश कुमार जी, हमारे कैंडिडेट्स अमरीश गौतम जी, विजय कुमार जी, लक्ष्मण रावत जी, पार्टी के हमारे प्यारे कार्यकर्ता, भाईयों और बहनों, बच्चों, वहाँ सीढ़ी पर जो लोग खड़े हैं, प्रेस के हमारे मित्रों और कांग्रेस पार्टी के सब नेताओं का मैं यहाँ बहुत-बहुत दिल से स्वागत करता हूं, नमस्कार।

आपने हिंदुस्तान का माहौल देखा होगा कि पिछले 5 सालों में हिंदुस्तान का माहौल बिल्कुल बिगड़ गया है। देखा आपने- (जनता ने कहा- हाँ)। पब्लिक के बीच में एक उत्साही होकर आवाज लगाने वाली बच्ची से पूछा - कितने साल की हो, (बच्ची ने जवाब दिया - 10 साल की) 10 साल की हो, तो तुम्हें पता लगा पिछले 5 साल में देखा तुमने कि माहौल बिगड़ गया, देखा ना? जो पहले मूड़ हुआ करता था, जो पहले शांति थी, जो भाईचारा था, वो गायब हो गया ना? तुम्हारा नाम क्या है - (बच्ची ने जवाब दिया - आकृति), अगर आकृति को, अगर 10 साल की बच्ची को ये बात समझ आ गई तो ये आपको भी मालूम होगा, सबको मालूम है ना कि माहौल बिगड़ गया है? इसका कारण क्या है - बहुत सारे लोग कहेंगे कि इसका कारण नरेन्द्र मोदी हैं, इसका कारण आरएसएस है, इसका कारण बीजेपी है। मगर मैं थोड़ा सा बदल कर कहना चाहता हूं, **इसका सबसे बड़ा कारण है कि हिंदुस्तान की जनता को और खास तौर से जो हमारा युवा है, उसे रास्ता नहीं दिख रहा है। डरा हुआ है, क्यों डरा है, बेरोजगारी से ड़रा है।** युवा को ये नही समझ आ रहा है, इतने साल उन्होंने पढ़ाई की, स्कूल में, कॉलेज में, यूनिवर्सिटी में जाकर पढ़े, एग्जाम देते हैं। **मगर पिछले 5 साल से उन्हें रोजगार नहीं**

**मिल रहा है और किसी भी देश में अगर यूथ को, नई जनरेशन को रास्ता नहीं दिखता तो फिर यूथ के दिल में गुस्सा पैदा होता है। वो जो गुस्सा पैदा हो रहा है, उसका फायदा नरेन्द्र मोदी जी उठाते हैं। मगर गुस्से का सच्चा कारण बेरोजगारी है।**

अब सवाल उठता है कि इतना बड़ा देश है, करोड़ों लोग रहते हैं। अमेरिका का राष्ट्रपति कहता है कि अगर कोई चीन को चैलेंज कर सकता है तो वो हिंदुस्तान के युवा हैं। कहा उन्होंने, आपने सुना! कहा था। अमेरिका में उन्होंने कहा कि देखिए अमेरिका का मुकाबला एक तरफ चीन कर सकता है, दूसरी तरफ हिंदुस्तान। आप जानते हैं और ये आपको सुनकर शायद अच्छा ना लगे, मगर आप जानते हैं कि चीन की सबसे बड़ी फैक्ट्री में कितने युवा काम करते हैं, कोई सोच सकता है, बता सकता है कि चीन की सबसे बड़ी फैक्ट्री में कितने लोग काम करते हैं, कोई बता सकता है? कोई बता सकता है कि हिंदुस्तान की सबसे बड़ी फैक्ट्री में कितने लोग काम करते हैं? मैं आपको बताता हूं, हिंदुस्तान की सबसे बड़ी फैक्ट्री अगर आप देखें तो उसमें 10,000 लोग काम करते हैं, 20,000 लोग काम करते हैं। चीन की सबसे बड़ी फैक्ट्री में 12 लाख युवा काम करते हैं। एक फैक्ट्री में 12 लाख युवा काम करते हैं। **मैं ये नहीं मानता हूं कि चीन के युवा हिंदुस्तान के युवाओं से ज्यादा होशियार हैं। मैं ये भी नहीं मानता हूं चीन के युवा हिंदुस्तान के युवाओं से ज्यादा काबिल हैं। मैं अपने युवाओं से मिलता हूं, हर रोज मिलता हूं और मैं जानता हूं हिंदुस्तान का युवा किसी का भी मुकाबला कर सकता है।** तो ये हो क्या रहा है? ये हो क्या रहा है कि यहाँ पर इस कॉलोनी में, पूरी दिल्ली में युवा भटक-भटक कर रोजगार ढूंढ रहा है। उसके दिल में नफरत, गुस्सा पैदा हो रहा है। उस गुस्से का फायदा नरेन्द्र मोदी जी, केजरीवाल जी उठा रहे हैं।

**मगर आपके सामने जो सबसे बड़ी मुश्किल है - बेरोजगारी, उसके बारे में ना केजरीवाल जी बोलते हैं, ना नरेन्द्र मोदी जी बोलते हैं। <u>मैं आपको बताता हूं, इनकी राजनीति नफरत की राजनीति है और अगर ये आप लोगों को रोजगार दिलवा दें तो इनकी राजनीति वहीं की वहीं खत्म हो जाएगी।</u>**

यहाँ पर मेट्रो बनी, आपको याद होगा, केजरीवाल जी यहाँ आए, कहा - भ्रष्टाचार को मिटा दूंगा। याद है नरेन्द्र मोदी जी ने क्या कहा था - भ्रष्टाचार को मिटा दूंगा। दोनों ने एक बात कही। भ्रष्टाचार को मिटा दूंगा। भ्रष्टाचार को मिटा दिया क्या, मिट गया क्या

भ्रष्टाचार? (भीड़ ने कहा - नहीं) पूरा हिंदुस्तान जानता है कि भ्रष्टाचार मिटा नहीं, भ्रष्टाचार बढ़ गया। मेट्रो किसने बनाई- कांग्रेस पार्टी ने। मेट्रो छोड़ो, यहाँ पर आपको किसने बसाया? क्या हमने उस समय आपसे पूछा था, आपकी जाति क्या है, आपका धर्म क्या है, कौन सी भाषा बोलते हैं, हमने पूछा था, किसी से पूछा था? (जनता ने कहा - नहीं), हमने आपको कहा था कि भईया, जमीन लेने से पहले रजिस्ट्रेशन फीस दो - नहीं। हमने आपसे कहा था आप हिंदुस्तानी हो, दिल हिंदुस्तानी, खून हिंदुस्तानी, जमीन मिलेगी। अब ये लोग कौन हैं। अब देखिए, आप इस देश में कहीं भी चले जाईए, नया फैशन बना है - **एक तरफ नरेन्द्र मोदी, दूसरी तरफ केजरीवाल। देशभक्ति सिखाते हैं, नरेन्द्र मोदी जी, केजरीवाल जी देश के लोगों को, युवाओं को देशभक्ति सिखाते हैं। इस देश में किसी को देशभक्ति सीखने की किसी को कोई जरुरत नहीं है, इस देश में सबके सब देशभक्त हैं। ये सिर्फ बांटने का तरीका है, इसको आप समझिए। ये सिर्फ बांटने का तरीका है।**

पिछले 5 सालों में नरेन्द्र मोदी जी ने 3 लाख 50 हजार करोड़ रुपए अनिल अंबानी, अदानी जैसे लोगों को दिए हैं। ये भईया, ये आप समझिए क्यों दे पाए, ये इसलिए दे पाए क्योंकि आप लोगों को बांटा, आप लोग एक दूसरे के बीच मे लड़ते हैं और आपकी जेब से पैसा निकाल कर सीधा अदानी की जेब में जाता है। आपको पता भी नहीं लगता, आपका कितना पैसा अदानी, अंबानी की जेब में जाता है।

(आसमान में उड़ रही चीलों की तरफ इशारा करते हुए) यहाँ पर मुझे बताओ, एक बात समझाओ, ये जो चील है, ये यहाँ क्यों उड़ रही हैं? ये चील यहाँ क्या कर रही हैं, कोई बता सकता है, ये चील यहाँ पर घूम रही हैं, यहाँ क्यों घूम रही हूं? (जनता ने कहा - आसपास जो गंदगी का ढेर है, ये वहाँ उड़ रही हैं) ये जो गंदगी है, आप बताओ मुझे इस गंदगी को हटाने के लिए आपको क्या लगता है कितने करोड़ रुपए लगेंगे? कितने लगेंगे, बताओ- 5 करोड़, 10 करोड़। (भीड़ में से आवाज आई - 5 करोड़) 10 साल की बच्ची कह रही है, 5 करोड़, 10 करोड़, ठीक हैं 50 करोड़ लग जाएंगे। नरेन्द्र मोदी जी ने कुछ ही दिन पहले हिंदुस्तान के सबसे अमीर लोगों का 1 लाख 30 हजार करोड़ रुपए टैक्स माफ किया है। एक लाख 30 हजार करोड़ रुपए। आप लोग गंदगी में रहो, आप लोग 24 घंटे गंदगी में रहो और वो लोग महलों में, हवाई जहाजों में शांति से रहें। ये उनका पैसा नहीं है।

मैं ये बात समझता हूं कि इस देश में बहुत सारे ऐसे बिजनेस वाले हैं, बड़े बिजनेस वाले हैं, छोटे बिजनेस वाले हैं जो पूरा दम लगाकर काम करते हैं। मैं उनके खिलाफ नहीं हूं। मैं अनिल अंबानी जैसे चोरों के खिलाफ हूं। चोरों के खिलाफ हूं। अब आप ये मत सोचो लाखों करोड़ रुपए,1 लाख 30 हजार करोड़ रुपए टैक्स माफ हुआ, 3 लाख 50 हजार करोड़ रुपए कर्जा माफ हुआ। अच्छा भईया! नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों का कितना कर्जा माफ किया है, कितने रुपए माफ किए हैं? (भीड़ ने कहा कुछ भी नहीं) हमने 72 हजार करोड़ रुपए 10 दिन के अंदर माफ किए थे, 10 दिन के अंदर। हिंदुस्तान के किसान आए थे, उन्होंने कहा था देखिए, हमारा भी कर्जा माफ कीजिए, 10 दिन में 72 हजार करोड़ रुपए, डॉ. मनमोहन सिंह जी ने साइन करके दे दिया। क्योंकि हम जानते हैं कि आप देश को बनाते हैं। अच्छी तरह सुन लें, गरीबों के बिना, किसानों के बिना, मजदूरों के बिना ये देश कभी भी खड़ा नहीं हो सकता है, कभी नहीं खड़ा हो सकता है। तो आपको समझना होगा कि चाहे वो केजरीवाल जी हैं, चाहे वो मोदी जी हैं, उनका एक ही फंडा है आपको बांटना।

मुझे आप बताओ, केजरीवाल जी ने कांग्रेस पार्टी पर सवाल उठाए थे, भ्रष्टाचार पर सवाल उठाए, मुझे बताओ, क्या हुआ उन सवालों का? क्या हुआ, चुनाव के बाद, (पब्लिक के बीच में आवाज दे रहे एक बच्चे से पूछा) कितने साल के हो तुम - (बच्चे ने जवाब दिया - 12 साल का) 12 साल के बच्चों को, 10 साल के बच्चों को मालूम है। तुम्हें राजनीति में आना होगा, समझ गए। स्कूल- कॉलेज खत्म करो, राजनीति में आओ। तुम्हारे जैसे बच्चों की जरुरत है। केजरीवाल जी को, मोदी जी को हटाना है, परे करना है।

रोजगार की बात, अब देखिए, मैं थोड़ी दुनिया की बात करना चाहता हूं, दिल्ली की बात नहीं करना चाहता। मैं आपको थोड़ा जो दुनिया में माहौल है, उसके बारे में बताना चाहता हूं। आपने देखा होगा चीन में वायरस हुआ, सुना होगा आपने। चीन में वायरस हुआ, पूरी दुनिया के देशों ने अपनी फैक्ट्रियां चीन में डाल रखी हैं। जर्मनी, अमेरिका, जापान, कोरिया, इंग्लैंड, फ्रांस, सबके सब ने अपनी फैक्ट्रियां चीन में डाल रखी हैं। अब उन्हें लग रहा है डर। डर किस बात का वो कह रहे हैं कि भईया, हमने तो अपना पूरा का पूरा चीन में डाल दिया। इसको बैलेंस करना है। बैलेंस कौन कर सकता है- एक देश कर सकता है, चीन का बैलेंस एक देश कर सकता है, उसका नाम है - हिंदुस्तान।

पूरी दुनिया कह रही है कि हम हिंदुस्तान में इनवेस्टमेंट करना चाहते हैं। हम हिंदुस्तान में अपनी फैक्ट्रियां डालना चाहते हैं, हम दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिलवाना चाहते हैं। मगर एक मुश्किल है, वो जो पुराना हिंदुस्तान था, भाईचारे वाला हिंदुस्तान, प्यार वाला हिंदुस्तान, वो कहाँ चला गया? नफरत वाले हिंदुस्तान में हम अपना पैसा नहीं डालना चाहते, इनवेस्टमेंट नहीं करना चाहते। तो मौका है, बहुत बड़ा मौका है, आपके बच्चों के लिए मौका है। पूरी दुनिया देख रही है कि भईया, हिंदुस्तान में इनवेस्टमेंट करो, लेकिन अगले मिनट कहते हैं कि हिंदुस्तान में तो नहीं कर सकते। पहले बात होती थी पाकिस्तान में नफरत, हिंसा। हिंदुस्तान में शांति, भाईचारा, प्यार। आज हम देखते हैं हिंदुस्तान में नफरत, हिंदुस्तान में गुस्सा, हिंदुस्तान में क्रोध, हम इनवेस्टमेंट नहीं करेंगे। नुकसान किसका- आपका। नुकसान किसका- हिंदुस्तान के युवाओं का।

**तो आपको एक बात समझनी पड़ेगी ये जो नफरत फैली है, जो हिंसा हो रही है, इससे नरेन्द्र मोदी जी को बहुत फायदा होता है। मगर आपको इससे कोई फायदा नहीं होता, इससे आपको सिर्फ नुकसान होता है। इस देश का इतिहास हिंसा का इतिहास नहीं है, नफरत का इतिहास नहीं है, ये प्यार का देश है। इस देश में प्यार से काम किया जाता है, सबको जोड़ कर काम किया जाता है, ये इस देश का इतिहास है। आप देख लेना, जब तक इस देश में नफरत है, जब तक इस देश में हिंसा है, तब तक ये देश आगे नहीं बढ़ सकता है। जब तक इस दिल्ली में नफरत है, हिंसा है, ये दिल्ली आगे नहीं बढ़ सकती।**

तो मेरा आपको एक मैसेज है, हिंदुस्तान के युवाओं के सामने एक बहुत बड़ा मौका है, हिंदुस्तान के करोड़ों युवाओं की जिंदगी बदल सकती है, पूरी दुनिया आपकी ओर देख रही है। सारे दुनिया के देश आपकी ओर देख रहे हैं, कह रहे हैं हिंदुस्तान के युवा चीन का मुकाबला कर सकते हैं, प्यार से, नफरत से नहीं, प्यार से मुकाबला कर सकते हैं और हमारे प्रधानमंत्री, चीफ मिनिस्टर कहते हैं रोजगार की कोई जरुरत नहीं। रोजगार की कोई जरुरत नहीं, यहाँ सिर्फ झूठे भाषणों की जरुरत है। **मैं आपको कह रहा हूं, बहुत बड़ा मौका है, इस मौके को आप छोड़िए मत। क्योंकि इसके बाद ऐसा मौका कभी नहीं आने वाला। हिंदुस्तान को खड़े करने वाला मौका कभी नहीं आने वाला। जैसे सफेद क्रांति हुई थी, हरित क्रांति हुई थी, टेलीकॉम रेवोल्युशन हुआ था, मौका आया था, हिंदुस्तान ने पकड़ लिया था, कांग्रेस पार्टी ने पकड़ा था। मैं आपको कह रहा हूं ये मौका मत छोडिए, नुकसान हो जाएगा सबका।**

इस देश को अगर आगे ले जाना है, सबको मिलकर एकसाथ खड़े होकर, सबको एकसाथ मिलकर, खड़े होकर आगे जाना होगा और ये जो भईया, देखो, आप मेरे सब भाषण सुन लो, मैं अब 15 साल से राजनीति में हूं। अगर मेरे भाषण में आपको एक झूठ सुनाई दे जाए, एक भाषण में एक भी झूठ कि राहुल गांधी ने किसी को झूठ बोला हो, एक भाषण में भी कहा हो। आप केजरीवाल जी का भाषण सुनो, नरेन्द्र मोदी जी का भाषण सुनो, अमित शाह का भाषण तो सुनो ही मत। टाईम जाया मत करो, टाईम जाया मत करो, उनका भाषण सुनने की जरुरत नहीं है, उसमें सिर्फ कचरा है। नरेन्द्र मोदी जी का सुनो, उसमें झूठ मिलेगा, केजरीवाल जी का भाषण सुनो, उसमें झूठ मिलेगा।

अगर मैंने कहा कि देखो, किसानों को 72 हजार करोड़ मिलेंगे, तो 10-15 दिन के अंदर हमने कर दिया। अगर हमने आपसे कहा, कांग्रेस ने कहा, अगर कांग्रेस ने कहा मेट्रो की जरुरत है, तो मेट्रो हमने आपको दे दी। अगर हम आपको आज कह रहे हैं कि पोल्यूशन के बारे में, इस गंदगी के बारे में कुछ करना चाहिए, तो मैं आपको यहाँ से गारंटी देकर कह रहा हूं, मैं ऐसे ही नहीं कह रहा हूं। तो हम जो कहते हैं दिल से कहते हैं। **देखिए, आप एक बात समझिए, नरेन्द्र मोदी जी का आपके साथ कितना लंबा रिश्ता है, 5 साल का रिश्ता है। केजरीवाल जी का कितना लंबा रिश्ता है, 5 साल का। हमारा कितना लंबा रिश्ता है, हमारा-आपका रिश्ता शब्दों का रिश्ता नहीं है, हमारा दिल का रिश्ता है, प्यार का रिश्ता है, हमारा पारिवारिक रिश्ता है। जिससे प्यार होता है, उसको झूठ नहीं बोला जाता। अपने परिवार से आदमी झूठ नहीं बोलता है, ये रिश्ता है हमारा-आपका। तो आपको ये समझना होगा।**

मैं सच बोलूं, तो मैं भी समझता हूं, देखो, मुझे सचमुच में बोलने की भी जरुरत नहीं है, मैं जानता हूं कि जो मेरे दिल में आपके लिए है, वही आपके दिल में मेरे लिए है, मैं इसको जानता हूं। मैं आपको आश्वासन देना चाहता हूं कि हिंदुस्तान में जो सच्ची लड़ाई है, ये जो देशभक्ति की बात करते हैं, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, अमेरिका, चीन, जापान इनकी बात करते हैं, ये सब खोखली चीजें हैं हिंदुस्तान के सामने। मैं आपको बता रहा हूं, हिंदुस्तान के युवाओं अच्छी तरह सुन लो, इस चीज से आप बच नहीं पाओगे। हिंदुस्तान के सामने एक सबसे बड़ी चुनौती है, वो चुनौती अगर आपने छीन ली, पकड़ ली, तो ये हिंदुस्तान के सामने दुनिया में सबसे बड़ा मौका है और अगर आपने

वो चुनौती नहीं छीनी, नहीं पकड़ी तो जो आपको आज हिंसा दिख रही है हिंदुस्तान में, उससे 10 गुना हिंसा आपको दिखनी शुरु हो जाएगी।

**मौका क्या है- मौका ये है कि हमारे युवा एकसाथ खड़े होकर हिंदुस्तान को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बना दें, दिल्ली को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग सेंटर बना दें, ये मौका है। मैं आपको बता रहा हूं, मैं अपना पूरा दम लगा दूंगा, मैं आपको बता रहा हूं, मैं अपना पूरा दम, जो भी मेरे अंदर है, मैं अपना पूरा दम हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार दिलवाने में लगा दूंगा। क्योंकि मैं जानता हूं, समझता हूं, असली देशभक्ति क्या थी, असली देशभक्ति अंग्रेजों से लड़ाई थी। असली देशभक्ति क्या थी- वाईट रेवोल्युशन। असली देशभक्ति - हरित क्रांति। असली देशभक्ति - टेलीकोम रेवोल्युशन। असली देशभक्ति हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार दिलवाने का काम।**

मैं आपको पूरा करके दिखा दूंगा, 5 साल लगेंगे, 10 साल लगेंगे, मगर आप देखना, मैं करके दिखा दूंगा। आप सब यहाँ कांग्रेस पार्टी को सपोर्ट कीजिए, पूरी मदद कीजिए, दम लगाकर कांग्रेस पार्टी को जिताईए, हमारे कैंडिडेट को जिताईए।

दिल से बहुत-बहुत धन्यवाद।

नमस्कार, जयहिंद।

**Sd/-**
**(Vineet Punia)**
**Secretary**
**Communication Deptt.**
**AICC**